# कोटा विश्वविद्यालय, कोटा

महाराव भीमसिंह मार्ग, कबीर सर्किल के पास, कोटा (राज.)

क्रमांक– एफ 9(   )परीक्षा / कोविको / 2023 / 2638                                                  दिनांक–18.11.2023

## पूरक परीक्षा–2023 के आवेदन पत्र भरे जाने हेतु विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2023 की मुख्य परीक्षा में बी.ए., बी.एससी. बी.कॉम. भाग–प्रथम, द्वितीय व तृतीय तथा बी.एससी. (बायोटेक, माइक्रोबायोलॉजी) व बी.सी.ए भाग–तृतीय के पूरक घोषित पात्र अभ्यर्थियों से पूरक परीक्षा–2023 हेतु निम्न कार्यक्रमानुसार ऑनलाइन पूरक परीक्षा आवेदन पत्र भरवाये जाने है, जिसका कार्यक्रम निम्नानुसार हैः–

| क्र. सं. | शुल्क विवरण | ऑनलाईन पूरक परीक्षा शुल्क जमा करवाने की तिथि | सम्बन्धित महाविद्यालय में चालान एवं अंकतालिका की प्रति सहित परीक्षा आवेदन पत्र की हार्डकॉपी जमा कराने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | साधारण शुल्क के साथ | 18.11.2023 से 24.11.2023 तक | 18.11.2023 से 05.12.2023 तक |
| 2. | रू. 100 / – विलम्ब शुल्क के साथ | 25.11.2023 से 28.11.2023 तक | |
| 3. | पूरक परीक्षा के शुल्क के बराबर विलम्ब शुल्क के साथ | 29.11.2023 से 02.12.2023 तक | |

***पूरक परीक्षा समय सारणी एवं इससे सम्बन्धित अन्य जानकारी प्राप्त करने हेतु छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट अवश्य देखते रहें।***

**विशेष महत्वपूर्ण निर्देशः–**

1. परीक्षा आवेदन पत्र भरने सम्बन्धी विस्तृत निर्देश एवं प्रक्रिया विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.uok.ac.in अथवा https://www.univexam.info/ पर उपलब्ध है एवं पूरक परीक्षा से सम्बन्धित समस्त कार्यक्रमों हेतु समय–समय पर छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।
2. विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक स्तर की सभी कक्षाओं के पुनर्मूल्यांकन के परिणाम जारी किये जा चुके हैं, ऐसे परीक्षार्थी जिनका परीक्षा परिणाम पुनर्मूल्यांकन के पूर्व अनुत्तीर्ण (Fail) था, परन्तु पुनर्मूल्यांकन के पश्चात् अनुत्तीर्ण से पूरक (Supplementary) रहा है, ऐसे सभी परीक्षार्थियों को भी पूरक परीक्षा में प्रविष्ट होने हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र भरना अनिवार्य है। पूरक परीक्षा सम्पन्न होने के उपरान्त वंचित परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार का अवसर प्रदान नहीं किया जावेगा। जिन परीक्षार्थियों के सम्बन्धित कक्षाओं के पुनर्मूल्यांकन परिणाम घोषित नहीं हुआ है ऐसे सभी परीक्षार्थी अपनी मूल अंकतालिका विश्वविद्यालय में जमा करवाकर परीक्षा परिणाम की जानकारी ले सकते हैं।
3. **परीक्षा शुल्क जमा कराने सम्बन्धी चार्जेज** :– समस्त नियमित, पूर्व छात्र एंव स्वंयपाठी परीक्षार्थियों को निर्धारित परीक्षा शुल्क निम्नानुसार जमा करवा सकते हैं:– (i) ICICI Bank के ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से निम्नानुसार परीक्षा शुल्क जमा करवा सकते हैः–

| Service Name | Charges (In Rs) |
|---|---|
| Online Payment of Fees through Website of University of Kota **(On ZERO Charges)** | Through Debit Card of any bank : **ZERO** Charges per transaction |
| | Through Net Banking of Any Bank **: ZERO** Charges per transaction |
| **Process flow: Student can visit University Website and click on "ONLINE PAYMENT" tab. The student will be able to pay through any bank debit card or net banking of any bank at ZERO Charges. After successful transaction of fees student can print their examination form from University Website. Thereafter student deposit the form at University/Respective College.** | |

4. पूरक परीक्षा शुल्कः– समस्त नियमित, पूर्वछात्र एवं स्वंयपाठी परीक्षार्थियों का निर्धारित पूरक परीक्षा शुल्क राशि रू. 760/– एवं परीक्षा आवेदन शुल्क राशि रू. 50/– कुल राशि रू. 810/– देय होगा तथा बकाया प्रश्नपत्र की राशि प्रति प्रश्नपत्र राशि रू. 350/– अलग से देय होगा।
5. परीक्षार्थी शुल्क की रसीद की मूल प्रति को पूरक परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी की दो प्रतियों के साथ संलग्न कर अन्य आवश्यक दस्तावेजों सहित उपरोक्त कार्यक्रमानुसार सम्बन्धित महाविद्यालय में आवश्यक रूप से जमा करावें। पूर्व विद्यार्थी (Ex-Student) पूरक परीक्षा आवेदन पत्र की हार्डकॉपी को उसी महाविद्यालय में जमा करायें जहाँ वे नियमित (Regular) परीक्षार्थी के रूप में अनुत्तीर्ण घोषित हुए थे एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थी पूरक परीक्षा आवेदन पत्र की हार्डकॉपी सम्बन्धित परीक्षा केन्द्र पर जमा करावें।

   **आई.सी.आई.सी.आई. पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से ऑनलाईन जमा करवाया गया शुल्क ही मान्य होगा, अन्य किसी माध्यम (जैसे नगद/बैंक ड्राफ्ट/चैक/पोस्टल ऑर्डर आदि) के द्वारा जमा कराया गया पूरक परीक्षा शुल्क किसी भी परिस्थिति में मान्य नहीं होगा ना ही लौटाया जावेगा तथा डाक द्वारा भेजा गया पूरक परीक्षा आवेदन पत्र स्वतः ही निरस्त माना जावेगा।**

6. **परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है, कि वह अपना पूरक परीक्षा आवेदन पत्र भरने से पूर्व अपनी पात्रता सुनिश्चित कर लेवें एवं पूरक परीक्षा आवेदन पत्र सावधानीपूर्वक भर कर पूरक परीक्षा शुल्क जमा करावें। चूंकि परीक्षार्थी के द्वारा स्वंय की गलती से जमा करवाया गया पूरक परीक्षा शुल्क परीक्षार्थी को वापस नहीं लौटाया (Non-Refundable) जावेगा।**
7. छात्र ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र की हार्डकॉपी, पूरक परीक्षा शुल्क के चालान की मूल प्रति एवं आवश्यक दस्तावेजों/अंकतालिकाओं की सत्यापित प्रतियों सहित सम्बन्धित महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित अवधि में जमा करवाना सुनिश्चित करावें।
8. जिन परीक्षार्थियों का पुनर्मूल्यांकन परिणाम घोषित नहीं किया गया है एवं यदि उनका मुख्य परीक्षा परिणाम पूरक घोषित है, तो निर्धारित प्रक्रियानुसार पूरक परीक्षा हेतु आवेदन करें, यदि कोई परीक्षार्थी निर्धारित तिथि तक आवेदन नहीं करते हैं तो उन्हें आवेदन करने का अवसर नहीं दिया जावेगा।
9. ऑनलाईन पूरक परीक्षा आवेदन पत्र भरने सम्बन्धी कोई समस्या होने पर छात्र हेल्पलाईन नं. 7414071294 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

**परीक्षा नियंत्रक**

# कोटा विश्वविद्यालय, कोटा

महाराव भीमसिंह मार्ग, कबीर सर्किल के पास, कोटा (राज.)

## ऑनलाइन पूरक परीक्षा आवेदन पत्र भरने सम्बन्धी विस्तृत दिशा–निर्देश/प्रक्रिया

कोटा विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा परीक्षा–2023 में पूरक घोषित अभ्यर्थियों से पूरक परीक्षा–2023 हेतु ऑनलाईन पूरक परीक्षा आवेदन पत्र भरवाये जाने का निर्णय लिया गया है। अतः समस्त छात्रों को जो कि विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षा 2023 में पूरक घोषित हुए हैं वे अपना पूरक परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन पद्धति के माध्यम से ही भरें। ऑनलाईन पूरक परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.uok.ac.in अथवा https://www.univexam.info/ पर Supplementary Exam-2023 लिंक उपलब्ध है। अतः पूरक घोषित समस्त अभ्यर्थी अपना पूरक परीक्षा आवेदन पत्र निम्नांकित प्रक्रियानुसार ऑनलाईन आवेदन करें:–

**ऑनलाइन पूरक परीक्षा आवेदन पत्र भरने/प्रस्तुत करने की प्रक्रिया**

1. सर्वप्रथम विश्वविद्यालय की परीक्षा–2023 में पूरक घोषित अभ्यर्थी पूरक परीक्षा आवेदन पत्र भरने के लिए विश्वविद्यालय की Website www.uok.ac.in अथवा www.univexam.org/Uok/ पर Supplementary Exam-2023 लिंक पर क्लिक करें तथा Apply for Supp Form-2023 पर क्लिक करने पर जिस कक्षा के लिए पूरक परीक्षा हेतु आवेदन करना है, उस कक्षा का चयन कर Proceed पर क्लिक करना है।
2. इसके पश्चात् आवेदक को अपनी मुख्य परीक्षा–2023 का अनुक्रमांक (Roll No.) प्रविष्ट करने के बाद स्क्रीन पर Print Exam Form 2023 पर क्लिक करने पर अभ्यर्थी द्वारा जमा करवाये जाने वाले शुल्क प्रदर्शित होगा, जिसका अभ्यर्थी को प्रिन्ट लेना है, उसके पश्चात् Make Payment पर क्लिक कर, नेट बैंकिंग अथवा डेबिट कार्ड के माध्यम से आवश्यक प्रविष्ठियां कर, पूरक परीक्षा शुल्क का भुगतान किया जाना है। ऑनलाईन सफलतापूर्वक भुगतान किये जाने के उपरान्त, भुगतान किये गये चालान की प्रति प्रदर्शित होगीं, जिनका अभ्यर्थी द्वारा प्रिन्ट ले कर, पूरक परीक्षा आवेदन पत्र का प्रिन्ट लेना है।
3. ऑनलाईन आवेदन पत्र की दो प्रतियां प्राप्त करने के उपरान्त अभ्यर्थी को पूरक परीक्षा आवेदन पत्र पर यथा स्थान स्वयं के हस्ताक्षर करते हुए अंकतालिकाओं की प्रमाणित प्रतियां संलग्न करते हुए सम्बन्धित महाविद्यालय में 02 पूरक परीक्षा आवेदन पत्र की प्रतियों मय चालान जमा करवाया जाना है।
4. ऑनलाईन पूरक परीक्षा आवेदन प्रक्रिया में आवेदक अपने स्तर पर यह सुनिश्चित कर लें कि उन्होंने सम्बन्धित प्रविष्ठियां सावधानीपूर्वक भरी हैं तथा पूरक परीक्षा शुल्क विश्वविद्यालय द्वारा निर्देशित प्रक्रियानुसार निश्चित समयावधि जमा करवा दिया गया है। इस बाबत् आवेदक द्वारा की गई त्रुटि के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
5. यहां उल्लेखनीय है कि ऑनलाईन प्रक्रिया के तहत पूरक परीक्षा शुल्क आई.सी.आई.सी. बैंक के माध्यम से जमा करवाया जा रहा है। उक्त शुल्क राशि का पृथक से मिलान (Reconciliation) किया जावेगा, उक्त स्थिति में पूरक परीक्षा शुल्क के सम्बन्ध में आवेदक द्वारा किसी प्रकार की हेराफेरी/कूटरचित दस्तावेज तैयार किया जाना पाया जाता है तो, पूरक परीक्षा आवेदन पत्र तो निरस्त किया कर दिया जावेगा, साथ ही अभ्यर्थी के विरूद्ध विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुसार कार्यवाही भी की जा सकेगी।
6. आवेदक को अपनी पूरक परीक्षा शुल्क के जमा करवाये गये चालान की एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखनी है, ताकि भविष्य में परिणाम लम्बित/बकाया रहने की स्थिति या शुल्क सम्बन्धी कोई विसंगति पाये जाने पर, बतौर सबूत प्रस्तुत किया जा सके।

**परीक्षा नियंत्रक**